केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना
सरदार पटेल भवन, ब्लॉक–ए0/626, छठा तल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना–800023
(वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in)

निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पाहार एवं भोजन आपूर्ति के लिए निविदा

निविदा संख्या–सी0एस0बी0सी0 / बी0आई0एच0–03/2021–2022

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–2022 में अल्पाहार, भोजन एवं पानी की आपूर्ति किये जाने हेतु निविदा पटना नगर क्षेत्र में संचालित इच्छुक फर्मो से GST रहित उचित दर पर मुहरबंद लिफाफे में आमंत्रित किया जाता है। समर्पित दर पर सरकार द्वारा अनुमान्य GST देय होगी। इसके अतिरिक्त कोई राशि देय नहीं होगा। निविदा दिनांक–09.04.2021 से दिनांक–22.04.2021 तक (10:00 बजे से 14:00 बजे तक) किसी भी कार्य दिवस को पर्षद के उपरोक्त पते पर स्थित कार्यालय में फर्म के पैड या सादा कागज पर निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री/फैक्स एवं ईमेल द्वारा भेजे जाने पर विचार नहीं किया जायेगा। दिनांक–22.04.2021 को अपराह्न 14:30 बजे निविदा खोली जायेगी, जिसमें इच्छुक निविदादाता अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि को मूल कागजात के साथ उपस्थित रहना अनिवार्य है। निविदादाता/प्रतिनिधि के उपस्थित नहीं रहने पर निविदा समिति का निर्णय अंतिम होगा।

निविदा की शर्त

01. कोई भी निविदा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् स्वीकार नहीं किया जाएगा।
02. पैकेट बंद भोजन एवं अल्पाहार तथा पानी की दर अलग–अलग उद्धृत करें। दर में GST सम्मिलित नहीं करेंगे।
03. भोजन, अल्पाहार तथा पानी की विशिष्टियाँ निम्नवत रहेगीः–

    (क) भोजनः–चावल(अरवा)स्टीम/जीरा राईस–150ग्राम, चना दाल फ्राई/दाल मखानी–50ग्राम, सब्जी–पनीर बटर मशाला/सिजनल सब्जी–250ग्राम, मिक्स भेजिटेबल, भुजिया–100ग्राम, रसगुल्ला या समकक्ष मिठाई–02 अद्द, राईता, अचार–12ग्राम, ग्रीन सलाद–100 ग्राम, पापड़–01, रोटी–04 अद्द।

    (ख) अल्पाहारः–पूरी/कचौड़ी–06 अद्द, सब्जी–250 ग्राम, रसगुल्ला या समकक्ष मिठाई–01 अद्द, अचार–12 ग्राम

    (ग) मिनिरल वाटरः– 20 लीटर का जार, 1/2 लीटर की बोतल एवं 01 लीटर की बोतल।

    (घ) खाना में अच्छे स्तर के रिफाईन्ड तेल का प्रयोग किया जाएगा। पैकिंग स्वच्छतापूर्ण (हाइजेनिक) ऐसा हो जिसमें भोजन किया जा सके और अलग से बर्तन की जरूरत न पड़े।

    (ङ) निविदादाता/फर्मः– अद्यतन GST Return, अद्यतन आयकर रिटर्न, पैन, बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग का FSSAIका लाईसेन्स प्रमाण–पत्र तथा फर्म के पंजीकरण की स्वसत्यापित छाया–प्रतियाँ संलग्न करेंगे।

04. उपरोक्त प्रमाण–पत्रों के अतिरिक्त निविदा के साथ 10,000/–(दस हजार) रूपये मात्र का सुरक्षित जमा के रूप में बैंक ड्राफ्ट "Chairman, CSBC, Bihar, Patna" के पदनाम से एवं Payable at Patna के नाम से समर्पित करना होगा जो असफल उम्मीदवारों के मामले में प्रत्यर्पणीय (Refundable) होगा।

05. निविदादाता इस आशय का स्वलिखित प्रमाण–पत्र देंगे कि वे किसी भी सरकारी विभाग या सरकारी अथवा अर्द्ध–सरकारी संस्थान द्वारा काली सूची में नहीं डाले गये हैं।

06. सफल निविदादाता द्वारा सामग्रियों की आपूर्ति ससमय आदेशित स्थल (FOR) पर पटना में करनी होगी। इसके लिए अलग से कोई राशि देय नहीं होगी और न ही कोई अग्रिम देय होगा।

07. निविदादाता जिनका निविदा दर न्यूनतम होगा उसी की निविदा स्वीकार होगी।

08. वास्तविक आपूर्ति कार्यादेश काम के आकार के आधार पर अधिकतम एक सप्ताह पूर्व उपलब्ध कराया जायेगा।

09. किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या आंशिक रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का होगा।

10. न्यूनतम अथवा बराबर दर वाले फर्मों के बीच कार्य बटवारा किया जा सकता है।

11. टेंडर की शर्तों के उल्लंघन करने पर अनुबंध को रद्द करने का अधिकार, अध्यक्ष, के0च0प0 को होगा।

12. सफल निविदादाता ससमय आदेश के अनुरूप आपूर्ति करेंगे।

13. ससमय आपूर्ति कार्य सम्पन्न नहीं करने पर जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी और निविदा की शर्तों का उल्लंधन माना जाएगा।

14. किसी भी विवाद की स्थिति में अध्यक्ष, के0च0प0(सिपाही भर्ती) का निर्णय अंतिम होगा।

15. आवश्यकता होने पर कार्य का आवंटन सामान्य दर पर एक से अधिक फर्मों को दिया जा सकता है।

16. खाना की गुणवत्ता सही नहीं रहने पर दण्डस्वरूप आनुपातिक राशि की कटौती की जा सकती है।

निविदा की नोटिस पर्षद के बेवसाईट **www.csbc.bih.nic.in** पर भी उपलब्ध है।

ज्ञापांक 340/के0च0प0
दिनांक–08.04.2021

ह0/–
विशेष कार्य पदाधिकारी,
केन्द्रीय चयन पर्षद(सिपाही भर्ती),
बिहार, पटना।